PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Thu, 08 Jun 2017, Page 8
Width: 15.92 cms, Height: 22.27 cms, a4, Ref: 41.2017-06-08.80

योग दिवस के लिए योगी ने मंत्रियों संग किया रिहर्सल

■ लखनऊ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रस्तावित योग कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों ने यहां जमकर पसीना बहाया।

राजभवन में योग गुरु बाबा रामदेव के नेतृत्व में चला कार्यक्रम

राजभवन में सुबह करीब छह बजे से शुरु हुए योग में राज्यपाल रामनाईक ने भी हिस्सा लिया। योग गुरु रामदेव की अगुआई में करीब 45 मिनट चले योग के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, श्रममंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ सिंह, मंत्री महेन्द्र सिंह, कानून मंत्री बृजेश पाठक, महिला कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाती सिंह समेत कई मंत्री मौजूद थे। मंच पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और बाबा रामदेव मौजूद थे। बाबा रामदेव की ही तरह योगी आदित्यनाथ योग करते देखे गए। मुख्यमंत्री एकाध मौकों पर बाबा रामदेव से भी इस मामले में आगे निकलते नजर आए, लेकिन उनके कई मंत्रियों की हालत खस्ता रही, हालांकि कुछ मंत्री बेहतरीन योग कर रहे थे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने योग को जीवन को स्वस्थ्य रखने के लिए जरूरी बताया। नाईक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर कहा, एक योगी राजयोगी हैं जबकि दूसरा महायोगी। महायोगी ने दुनिया को भारतीय सभ्यता की पहचान कराई। हर व्यक्ति को योग से जोड़ दिया। इक्कीस जून को दुनिया के करीब दो सौ देश एक साथ योग करेंगे। अपने पूर्वजों को इससे बेहतरीन सौगात क्या दिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग स्वस्थ्य रखने के साथ ही अनुशासित भी रखता है। (वार्ता)

21 जून योग दिवस के लिए बुधवार को लखनऊ में योग गुरु बाबा रामदेव के साथ योग रिहर्सल करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। (अन्य चित्र पेज 12)